जनपद- हमीरपुर

थाना राठ **दिनांक 24.11.2026**

थाना राठ पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग की धारा - 65(2) बीएनएस व 5(m)/6 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।

घटना का विवरण-

अवगत कराना है कि दिनांक 18.11.2026 को थाना राठ क्षेत्रांतर्गत करीब ढाई वर्षीय बालिका के साथ उसके पारिवारिक सदस्य द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर क्षेत्राधिकारी राठ एवं थाना राठ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा प्रकरण की जानकारी प्राप्त की गई। बालिका का तत्काल चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राठ पुलिस द्वारा धारा 65(2) बीएनएस एवं 5M/6 पॉक्सो एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त दीनदयाल पुत्र रामगोपाल के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।



पुलिस कार्यवाही-

थाना राठ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 24.11.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें से सम्बंधित वांछित अभियुक्त दीनदयाल राजपूत पुत्र गोपाल उर्फ रामगोपाल राजपूत उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हरिया, थाना राठ, जनपद हमीरपुर को सैना रोड राठ से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

दीनदयाल राजपूत पुत्र गोपाल उर्फ रामगोपाल राजपूत उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हरिया, थाना राठ, हमीरपुर।

गिरफ्तारी का स्थान-

सैना रोड राठ, हमीरपुर।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1.निरी0 दीपेन्द्र कुमार सिंह (प्र0नि0 थाना राठ)

2.उ0नि0 पवन चौधरी

3.का0 शिवशंकर झा